cfa.vic.gov.au/languages

क्या मैं आग जला सकता हूँ?

साल के गरम महीनों में CFA द्वारा राज्य के विभिन्न हिस्सों में आग के ख़तरे की अवधियाँ (Fire Danger Periods) घोषित की जाती हैं। जिन दिनों में आग तुरंत फैल सकती है और उस पर नियंत्रण पाना मुश्किल होता है, उन दिनों में जब आप आग जलाते हैं तो आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं, इस बारे में प्रतिबंध होते हैं।

क्या मैं बगीचे के कूढ़े को जला कर नष्ट कर सकता हूँ?

आग के ख़तरे की अवधियाँ (Fire Danger Periods)

आग के ख़तरे की अवधि (Fire Danger Period) के दौरान आग जलाने की अनुमति नहीं होती, जब तक कि, जहाँ आप आग जलाने वाले हैं, उस स्थान के आधार पर, CFA , फायर रेस्क्यू विक्टोरिया या म्युनसिपल फायर प्रिवेंशन अधिकारी द्वारा जारी किया गया एक लिखित परमिट आपके पास न हो। यदि आपके पास परमिट हो तब भी यह अनिवार्य है कि:

- आप परमिट की सभी शर्तों का पालन करें।
- जब आग जल रही हो तो हमेशा कोई ज़िम्मेदार व्यक्ति वहाँ उपस्थित हो और उनके पास आग को बुझा कर ठंडा करने के लिए सामर्थ्य और उपकरण हो।
- वह व्यक्ति वहाँ से जाये उससे पहले आग जलना पूरी तरह से बंद होना (बुझा कर पानी से ठंडा कर देना) अनिवार्य है।

आपके पास चाहे कोई सा भी परमिट हो, आपके लिए यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है की आप स्थानीय म्युन्सिपल क़ानूनों का पालन कर रहे हैं, और आग जलाना शुरु करने से पहले हमेशा उस आग के बारे में **1800 668 511** पर या **cfa.vic.gov.au/languages** पर जानकारी दर्ज करवायें।

आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध वाले दिन (Total Fire Ban Days)

आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध वाले दिनों (Total Fire Ban Days) में, जलाकर नष्ट करने पर प्रतिबंध होता है और आग जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध (Total Fire Ban) की अवधि के लिए परमिट रद्द कर दिये जाते हैं। अगर आपने कोई आग जला रखी है जिसके लिए आपके पास आग के ख़तरे की अवधि (Fire Danger Period) में जलाने के लिए परमिट है, तो उसे जलाये रखने की अनुमति नहीं है और आग पर पूर्ण प्रतिबंध (Total Fire Ban) चालू होने से पहले उस आग को पूरी तरह से बुझा देना (पानी डालकर ठंडा कर देना) आवश्यक है।

और अधिक जानने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।
साथ मिलकर हम आग से सुरक्षित रह सकते हैं।